## सार-समाचार

### मुस्लिम घोसी समाज का समारोह हुआ

**जोधपुर, ( कासं )।** "जागरूक मंच घोसी समाज सेवा संस्थान, जोधपुर" द्वारा मारवाड मुस्लिम घोसी समाज की सरपरस्ती में आज रविवार को मुस्लिम घोसी समाज का "तीसरा राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2024" आयोजित किया गया। आयोजन सचिव ने मोहम्मद रशीद भाटी ने बताया कि उक्त भव्य समारोह में सम्पूर्ण राज्य से मुस्लिम घोसी समाज के लगभग 200 से ज्यादा होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मंच के अध्यक्ष नदीम इकबाल मोयल ने बताया कि ने इस भव्य आयोजन में भाग लेने के लिए आये प्रदेश भर से घोसी समाज के गणमान्य व्यक्तियों व समाजसेवी बंधुओं का भी अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाजी आबिद मोयल ने अपने उद्धबोधन के माध्यम से समाज के विकास के लिए दीन और दुनियावी तालीम के महत्व पर प्रकाश डाला। इस प्रतिभा सम्मान समारोह मे कक्षा दसवी मे सम्पूर्ण प्रदेश मे घोसी समाज के सबसे ज्यादा अंक लाने वाले एक छात्र व छात्रा को प्रतिवर्ष मरहुमीन मोहम्मद अली सोलंकी व ख़ातून बेगम सोलंकी की याद मे दी जाने वाली छात्रवृत्ति इस वर्ष क्रमशः अनश चौहान व ज़ास्मीन खिलेरी को प्रदान की गयी। इस कर्यक्रम के आयोजन मे मोहम्मद युसूफ, शमसुद्दीन तंवर अब्दुल रहमान शाहरुख मोहम्मद सदीक तंवर, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद इमरान, राजू सोलंकी, इंसाफ सोलंकी, इसाक भाटी, सद्दाम, समीर, मोइनुद्दीन इकबाल, आमीन तंवर, छोटू खिलेरी,शहजाद-निसार ठाुप व समाज के अन्य मौजीज़ लोगो का का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।

### बच्चों को पिलाई पोलियो रोधी खुराक

**जोधपुर, ( कासं )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से 30 जून, रविवार से शुरू हुए तीन दिवसीय पल्स पोलियों अभियान के पहले दिन नौनिहालों को बूथ पर दो बूंद जिंदगी की पोलियो रोधी खुराक पिलाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जोधपुर ग्रामीण डॉ प्रताप सिंह राठौड़ ने बताया कि इस इस राष्ट्रीय महाअभियान को सफल बनाने के लिए जिले भर में कुशल मॉनिटरिंग के लिए टीम लगाई गई है। उन्होंने बताया कि फील्ड विजिट के लिए संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए जोधपुर जोन डॉ कमलेश चौधरी के निर्देशन में बालेसर खंड के अधीन आने वाले पोलियों बूथ का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखने पहुंचे। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कुणाल साहू ने बताया कि अभियान के पहले दिन रविवार को जिले के 1560 बूथों व 411 ट्रांजिस्ट टीमों ने 69,000 नौनिहालों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गयी। उन्होंने बताया कि बूथ पर आने से वंचित रहे नौनिहालों को 01 व 02 जुलाई को डोर टू डोर जाकर स्वास्थ्य टीमों द्वारा पोलियो रोधी खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि शून्य से पांच वर्ष तक आयु वर्ग के सभी नौनिहालों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर पोलियो मुक्त रखने का सुरक्षा चक्र अपनाएं।

### एम.सी.एच. विंग में पोलियो रोधी दवा पिलाई

**रेवदर , ( निसं )।** सिरोही में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने एमसीएच विंग में नौनिहालों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर किया। सीईओ ने बताया कि सिरोही पोलियों से मुक्त है लेकिन पोलियों के खतरे को कम करने के लिए लक्षित 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि राष्टीय पल्स पोलियो अभियान का सिरोही जिले में टारगेट 201526 बच्चों का है जो पहले दिन 1248 बूथ पर 2858 वैक्सीनेटर द्वारा दवाई पिलाई जाएगी साथ ही 142 सुपरवाइजर बनाए गये है जो बूथों की मॉनिटरिंग करेंगे। अभियान के दौरान बस से आवागमन करने वाले बच्चों एवं जिले के बाहर से आने जाने वाले बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने के लिए जिले के बस स्टेशनों पर समुचित व्यवस्थाएं की गई है। कच्ची बस्तियों, फुटपाथ, ईंट-भट्टों, निर्माण क्षेत्रों, औद्योगिक क्षेत्रों आदि में रहने वाले बच्चों को भी पोलियो खुराक पिलाने के लिए व्यापक इंतजाम किये गये है। इस अवसर पर शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. रामसिंह यादव, जिला आईईसी समन्वयक दिलावर खां, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर सहदेव सिंह राजपुरोहित, एएनएम चंद्रकिरण, सोहनी सहित कई जने उपस्थित थे।

### पाली में सांख्यिकी दिवस मनाया

**पाली, ( नि.सं. )।** आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग पाली की ओर से शनिवार को जिला परिषद सभागार में जिला कलेक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में सांख्यिकी दिवस आयोजित कर सांख्यिकीविद् महालनोबिस को याद किया गया। इस मौके पर यूआईटी सचिव डॉ.पूजा सक्सेना भी उपस्थित रही। जिला स्तरीय समारोह में जिला और ब्लॉक के अधिकारी व कार्मिकों ने भाग लिया। इस मौके पर आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग पाली के उप निदेशक राजेन्द्र कुमार टांक ने प्रो.पी.सी.महालनोबिस के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रवीण सिंह राजपुरोहित ने समारोह के मुख्य विषय "निर्णय लेने के लिए डेटा का उपयोग" व राजस्थान में सांख्यिकी तंत्र व विभाग द्वारा किये गये अभिनय कार्य की जानकारी पी.पी.टी के माध्यम से दी। जिले के 3 छात्र को सांख्यिकी दिवस में क्विज (सांख्यिकी ज्ञान आधारित) कार्यक्रम विजेता को पुरुस्कार वितरण प्रदान कियां विषय प्रवक्ता एवं राजकीय कॉलेज की प्रो. विनीता अरोडा, मांगीलाल तंवर, पूर्व अधिकारी हरिशचन्द्र पारीक, नरेन्द्र सिंह पुनिया, विभाग के भवंरलाल जोशी, प्रवीण सिंह राजपुरोहित, चन्द्रवीर, प्रकाश, पवन कुमार मंगलाराम, विकेश कुमार सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारियों ने भाग लिया।

### सीरवी समाज की प्रतिभाओं का सम्मान

**पाली, ( कासं )।** सीरवी समाज परगना समिति पाली व क्षेत्रीय सीरवी समाज गांव वडेरावास के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह गांव वडेरावास में श्री मडिया माताजी मंदिर के प्रांगण में हुआ। केसाराम चौधरी मारवाड़ जंक्शन विधायक, मोहिनी देवी, पुखराज पटेल प्रधान पाली, तेजाराम भायल पार्षद, नन्दिनी चौधरी जिला परिषद सदस्य, गांव वडेरावास सरपंच प्रतिनिधि अमराराम चौधरी व दिनेश कुमावत वरिष्ठ अतिथि का परगना समिति के अध्यक्ष कुकाराम परिहार, मेघाराम परमार,फुलाराम सोलंकी, भूराराम परमार, भीमराज पंवार ने साफ़ स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सीरवी समाज के इस वर्ष कक्षा दसवीं व बारहवीं प्रतिभाशाली 70 विघार्थियों को सम्मानित किया गया है। प्रतिभा सम्मान में प्रवासी समाज के बन्धुवर अधिक संख्या में पहुंचे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सह कोषाध्यक्ष मोतीलाल वरफा, अचलाराम सोनाई मांजी, जगदीश खेरवा, पुनाराम काग, प्रवीण परिहार, हीरालाल गेहलोत, भंवरलाल आगलेसा,मांगीलाल परिहार, उम्मेदाराम व कैलाश काग का सराहनीय योगदान रहा। केसाराम चौधरी विधायक व गांव वालों की उपस्थिति में पौधारोपण भी किया गया।

### पाली में बी.एस.टी.सी. परीक्षा शांतिपूर्ण

**पाली, ( नि.सं. )।** पाली में रविवार को शिक्षा विभाग द्वारा बीएसटीसी की परीक्षा में 1133 3 में से कुल 91.46 ने भाग लिया। परीक्षा सुबह 12:30 से 3:30 तक आयोजित हुई, परीक्षा को लेकर पाली में 28 और सोजत में पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए। जहां सुबह से ही परीक्षार्थी पहुंच गए, और प्रवेश के लिए इंतजार करते रहे। रोल नंबर देखने के बाद सुबह 11:00 बजे परीक्षा केंद्र में कड़ी जांच के बीच प्रवेश किया। परीक्षा के प्रश्न पत्र कड़ी सुरक्षा में कोष केंद्र मैं रखवाए गए। सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा केंद्र पर पहुंच गए। परीक्षा को लेकर उड़न दस्ते भी बनाए गए जो की निगरानी करते रहे। परीक्षा के समन्वय बांगड़ कॉलेज के प्राचार्य महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि थर्ड गेट अध्यापक के लिए इस परीक्षा के बाद 2 वर्ष का कोर्स करना पड़ता है। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

**रेवदर, ( निसं )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्य म के 111वें संस्करण को भाजपा अनादरा मंडल के पदाधिकारियों ने अनादरा मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह देवडा के नेतृत्व में अनादरा मे सुना। इस दौरान अनादरा भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह देवडा, कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मण कोली ,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रजापत, किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष जयदीप सिंह,युवा मोर्चा महामंत्री मुकेश चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपा राम चौधरी, नाथूराम चौधरी, धनाराम कोली,कमा राम चौधरी, आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### घर से निकला व्यक्ति 8 दिन से लापता

**जोधपुर, ( कासं )।** बनाड़ थाना क्षेत्र के श्रीयादे नगर में रहने वाले 43 वर्षीय व्यक्ति आज से 8 दिन पूर्व सुबह घर से दूध लेने के लिए निकला था जो आज तक वापस नहीं लौटा। लापता हुए व्यक्ति के भाई खेमाराम प्रजापत ने बताया कि 23 जून की सुबह हीरालाल प्रजापत घर पर यह कहकर निकला था कि वह दूध लेकर आ रहा है।

# किताबी ज्ञान के साथ संस्कार की आवश्यकत : मदन दिलावर

**जालोर, ( कासं )।** स्व. फूसाराम महाराज स्मृति सेवा प्रन्यास जालोर की ओर से विधानसभा क्षेत्र जालोर के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-2024 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह रविवार को आईटीआई के पीछे गणेश गार्डन में आयोजित हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, कार्यक्रम अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग एवं आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला कलक्टर पूजा पार्थ, श्रवण सिंह राव, सुभाष गोयल व परमानन्द भट्ट के विशिष्ट आतिथ्य में समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। समारोह में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षा में किताबी ज्ञान के साथ संस्कारों का समावेश होने पर ही शिक्षा पूर्ण होती है। यह संस्कार परिवार, गुरूजन व समाज से मिलते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाएं सभी जगह विद्यमान है, उन्हे केवल प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। इसी कडी में स्व. फूसाराम महाराज स्मृति सेवा प्रन्यास जालोर द्वारा इस प्रकार के अनूठे कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों का मन मिट्टी के समान होता हैं, इन्हें मूर्त्त रूप देकर समाज एवं राष्ट्र के लिए उपयोगी बनाना हम सबका दायित्व हैं। शिक्षा मंत्री ने अपने उद्बोधन में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण पर चिन्ता व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आव्हान किया।



**जालोर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर व मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

समारोह में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि सम्मानित होने वाली प्रतिभाएं अपना करियर निर्माण कर परिवार, समाज एवं जिले का गौरवान्वित करें। उन्होंने स्वयं एवं राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में हरसंभव सहयोग किये जाने की बात कहते हुए स्व. फूसरामजी महाराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं को बधाई देते हुए और अधिक परिश्रम कर आगे बढ़ने की बात कही। जिला कलक्टर पूजा पार्थ ने अपने शैक्षिक अनुभव साझा करते हुए सम्मानित विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़ने की बात कही।

समारोह के प्रारंभ में अतिथियों ने स्व. फूसाराम महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण किया तथा दीप प्रज्जवलन कर समारोह का विधिवत् आगाज किया। अतिथियों ने उनकी धर्मपत्नी चम्पा देवी को भी माला एवं शाला ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम संयोजक नाथू सोलंकी ने बताया कि समारोह में माध्यमिक व उच्च माध्यमिक की 176 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। ट्रस्टी परमानन्द भट्ट ने आभार ज्ञापित किया तथा मंच संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी ने किया।

इस अवसर पर मधुसूदन व्यास, समाजसेवी व पंचायत समिति सदस्य छगनाराम माली, सायला के पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, पन्नालाल सोलंकी, दिलीप सोलंकी, दीपसिंह धनानी, सुरेश सोलंकी, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, अमन देवेन्द्र मेहता, रवि सोलंकी, डॉ. मंजु मेघवाल सहित कई जने उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ

**जालोर, ( कासं )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य स्तरीय समारोह में "किसान उत्थान की दिशा में" मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया। जिसका सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय पर जालोर क्लब में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्य के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित सहित बड़ी संख्या कृषक लाभार्थी जुड़े रहे। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य के पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 2 हजार रूपये की राशि तीन किस्तों में दिये जाने की घोषणा की गई है। जिसके तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा रविवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रथम किस्त का हस्तांतरण किया गया। योजना के तहत जालोर जिले के लगभग 2 लाख 2 हजार 336 कृषकों को लाभान्वित किया गया। वही सहाकारिता विभाग द्वारा जालोर जिले के 3006 किसानों को 12.98 करोड़ की राशि का अल्पकालीन ऋण स्वीकृत किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम से पूर्व जालोर क्लब में राज्य के शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री मदन दिलावर व राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के 111वें संस्करण को सुना।

श्रवण सिंह राव, पूर्व विशेष योग्यजन आयुक्त धन्नाराम पुरोहित, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, नगर परिषद के उप सभापति अम्बालाल व्यास, दीपसिंह धनानी, मंजू सोलंकी, सुरेश सोलंकी, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, डिंपल सिंह, भवानी सिंह देता, परमवीर सिंह, सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार सुनील वीरभान, दी जालोर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक प्रबंध निदेशक ओमपाल सिंह भाटी आदि उपस्थित रहे।

# विद्युत लाइन टूटने से पोल गिरा, लोग परेशान

**धोरीमना, ( निसं )।** निकटवती ओगला में बोरला जाटान विद्युत विभाग की समस्याओं को लेकर ग्रमीणों की बैठक आयोजित हुई।

बैठक मे वार्ड पंच रेखा देवी गर्ग ने बताया कि 27 जून को रात्रि में आंधी आने से क्षतिग्रस्त होने के करण पोल नीचे गिर गया। बिजली की सप्लाई समय पूर्वक नहीं रहती है। पढाई करने वाले विद्यार्थी की पढाई बाधित होती है। विद्यार्थी चंदू प्रजापति ने बताया कि समय पर लाइट नहीं रहने से हमारी पढाई नहीं होती है। विद्यार्थीयों का भविष्य खराबी हो रहा है पूखराज गर्ग ने कहा कि इस डीपी पर कनेक्शन ज्यादा होने के कारण कई बार घर के उपकरण जल गये। पोलों के बीच में दूरी ज्यादा होने के कारण नीचे झुक रही है। कभी भी बडा हादसा होने की संभावना बनी रहती है। सवाराम प्रजापत ने कहा की इस डीपी के ऊपर लोड ज्यादा होने के कारण हर समय के लिए लाइट की समस्या बनी रहती है अलग-अलग डीपी दि जाए। प्रताप सियोल ने काहा की लंबी लाइन होने के कारण बलफ एव घर के उपकरण नहीं चल रहे हैं और लाइट हर समय फॉल्ट हो जाति लंबी लाइन होने के कारण एफआरटी टीम के कोई भी कर्मचारी यहां नहीं आते है, नहीं देखा। कमलेश गर्ग ने बताया कि पोल पहले से क्षतिग्रस्त था, पेड लाइन के ऊपर गिरने से पोल गिर गया। लाइट के बिना परेशान हैं। इसी समस्याओं को लेकर सहायक अभियांता प्रदीप सिंह चौधरी ने काहा लाइनमैन को मौके पर भेजकर सप्लाई चालु करवा दूंगा।

इस मौके पर पूनमाराम प्रजापत गंगाराम प्रजापत मांगीलाल सियोल करनाराम सियोल नगाराम गर्ग ऊमाराम प्रजापत पुखराज गर्ग खेताराम गर्ग भलाराम देवासी प्रकाश गर्ग कमला देवी प्रजापत कमलादेवी गर्ग धापू प्रजापत कबु प्रजापत विमला गर्ग मथरी गर्ग राणी गर्ग मीरा प्रजापत पवी प्रजापत जसी प्रजापत आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# मिर्गी रोगियों को दवा दी, पौधों का महत्व बताया



**जोधपुर में लायंस क्लब में श्रीधर शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में शिविर आयोजित किया।**

**जोधपुर**, (कासं)। हर माह आयोजित होने वाले निशुल्क मिर्गी शिविर की कडी में 311 वे कैंप का आयोजन लायंस क्लब में श्रीधर शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में किया गया। शिविर में डॉ. नगेंद्र शर्मा ने 317 मरीजों का परीक्षण किया और दवा वितरण की गई।

-श्रीधर शिक्षण संस्थान की सचिव डा पद्मजा शर्मा ने मरीजों को पेडों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है।

मरीजों को समझाया कि वे अपने अपने घर या आस पास एक पेड अपने परिवार के साथ लगाऐं और उसकी देखभाल अवश्य करें।यदि आज सभी मरीज इस कैंप में ये प्रण कर के अपने गांव लौटते हैं और एक पेड लगाते हैं तो इस धरती पर 317 पेड एक साथ लगेंगे और ये सिलसिला लगातार चलता रहेगा तो एक वर्ष में हर गांव में हरियाली का वातावरण हो जाएगा।

इस पर मरीजों ने विश्वास दिलाया कि हम एक पेड अपने अपने घर पर अवश्य लगाएंगे।

शिविर संयोजक किशन प्रजापत और सहसंयोजक महावीर शर्मा के अलावा दौलत सोनी, कमलेश व्यास, शंकर लाल और छायाकार दिनेश पुरी ने अपनी सेवाएं दी।

## सरवरी हज उमराह के कार्यालय का उद्घाटन

**जालोर, ( कासं )।** जालोर शहर के बडी पोल के बाहर सरवरी हज उमराह टूर एंड ट्रेवल्स के मुख्य कार्यालय का रविवार को मुख्य अतिथि हजरत मौलाना पीर सैय्यद हसन वली बाबा डीसा ने उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में मौलाना सलीम मुस्तफाई ने बताया की टूर में क्या व्यवस्था दी जाती है तथा कितना पैकेज रहता है आखिर में तमाम अएमाए मसाजीद जालोर व उलमाए जालोर ने दुआं की

इस मौके पर मुख्य अतिथि हजरत मौलाना पीर सैय्यद हसन अली बाबा डीसा व सैय्यद जुल्फिकार अली भुट्टो, सैय्यद शहजाद अली एडवोकेट, सैय्यद सिकंदर अली एडवोकेट, साबिर अली ए.सी वाले,अरमान अली, इसरत अली, अयूब शेख पूर्व पार्षद, लाडे खान,जनाब इकबाल काजी, इमरान सिलावट, आबाद अली सिलावट, शाहबाज खान मेहर,व दीगर समाज के मोजिज लोग शामिल हुए टूर के ओनर मौलाना गुलाम अली ने आये सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया

वही कार्यक्रम में मौलाना रफीक आलम साहब अशरफी, जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मारूफ साहब,मौलाना नियाज अहमद साहब सय्यदों की मस्जिद,मौलाना दाऊद साहब मदीना मस्जिद,मौलाना वकार साहब,मौलाना अरबाब साहब,मौलाना सुलतान साहब,मौलाना इकबाल साहब,मौलाना अब्दुल सत्तार साहब नूरी, कारी बशीर साहब, कारी सलीम आादि मौजूद रहे।

## डायरिया की रोकथाम के लिए अभियान आज से

**जोधपुर**, (कासं)। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा डायरिया की रोकथाम के लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त तक विशेष स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से विस्तृत गाइड लाइन जारी कर दी गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जोधपुर ग्रामीण डॉ. प्रताप सिंह राठौड़ ने बताया कि इस बार की थीम डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान में रखी गई है। उन्होंने बताया कि अभियान 8 सप्ताह के लिए चलाया जाएगा। इन आठ सप्ताह में आशाएं 5 साल तक के बच्चों का घर-घर जाकर सर्वे करेंगी और ओआरएस के पैकेट तथा जिंक टेबलेट्स का वितरण करेंगी।

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जोधपुर ग्रामीण डॉ. प्रीतम सिंह सांखला ने बताया कि सभी राजकीय चिकित्सालयों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथ आंगनबाडी केन्द्रों पर ओआरएस जिंक कार्नर स्थापित किए जाएंगे।

इस दौरान उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को डायरिया के लक्षण और बचाव के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

इन कॉर्नर्स की मदद से ओआरएस तथा जिंक टेबलेट्स का निशुल्क वितरण भी किया जाएगा।

अभियान से पूर्व सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों पर डायरिया नियंत्रण अभियान को गति देने के लिए ओआरएस, आईवी फ्लूड और जिंक टेबलेट्स की आपूर्ति की जाएगी।

उन्होंने बताया कि अभियान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, जलदाय विभाग, नगर निकाय का सहयोग भी लिया जाएगा।

## प्रशिक्षण शिविर लगाया

**पाली**, (नि.सं.)। सोजत सिटी में दो दिन से चल रहे श्री क्षित्रय युवक संघ के प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर को संचालक अर्जुन सिंह देलदरी ने संबोधित किया। सोजत मण्डल प्रमुख बहादुर सिंह सारंगवास ने बताया के शिविर में मोहब्बत सिंह भैसाण, जब्बर सिंह, हीर सिंह लोडता, कर्ण सिंह लोडता, मदन सिंह थुम्बा, अमरसिंह ऊण आदि दायित्व निभा रहे हैं।

# मेहता लायंस क्लब के अध्यक्ष, सिद्धावत सचिव




**लायंस क्लब जालोर वर्ष 2024-25 के लिए नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह चामुंडा गार्डन में आयोजित हुआ।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं) लायंस क्लब जालोर वर्ष 2024-25 के लिए नवीन कार्यकारिणी के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रविवार को चामुंडा गार्डन में किया गया।

इस दौरान प्रांतपांत लायन डॉ. संजीव जैन ने कार्यकारिणी को शपथ दिलवाई। जिसमें अध्यक्ष पद पर कालूराज मेहता, सचिव दीपेश सिद्धावत, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर गोयल को चुना गया।

इस दौरान वक्ताओं ने संगठन की कार्यप्रणाली और विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यकारिणी के गठन के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष कालूराज मेहता ने संगठन की ओर से किए जा रहे सामाजिक सरोकार के कार्यो से अवगत करवाया। साथ ही आगामी दिनों में सात दिवसीय एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन करने के बारे में जानकारी साझा की। इसी तरह संगठन सचिव दीपेश सिद्धावत ने भी संगठन की कार्यप्रणाली और विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया। सिद्धावत ने कहा कि अब आगामी दिनों में लायंस क्लब की ओर से शहर के विकास और जरुरतों से जुडे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्य म में संभागीय अध्यक्ष लायन बबीता गुर्जर, क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन डॉ. एसपी शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

लायन अमन मेहता ने सालभर के कार्यो की जानकारी दी। इसी कडी में 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। कार्य म के दौरान पूर्व जन अभाव अभियोग निराकरण समिति अध्यक्ष पुखराज पाराशर, किशन माहेश्वरी, राजेंद्र जैन, आनंद खत्री, राजेंद्र भूतडा, सत्य नारायण माहेश्वरी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, संजय जैथलिया, धर्नेद्र संखलेचा, सरदार खान खोखर, भैरुमल सेठ, बीएम जैन, कनिष्क चौधरी, रमेश फोफलिया समेत कई जने मौजूद रहे।

# पौधारोपण की जियो टैगिंग कर देखभाल की जिम्मेदारी तय करें : दिलावर

**जालोर, ( कासं )।** राज्य के शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने वृक्षारोपण महाभियान को लेकर रविवार को सर्किट हाउस जालोर में पंचायतीराज व शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने वृक्षारोपण महाभियान की पूर्व तैयारियों का फीडबैक लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मानसून पूर्व गड्ढे खुदाई का कार्य पूर्ण करने तथा वृक्षारोपण सघन महाअभियान के तहत लगाये जाने वाले सभी पौधों की जियो टैगिंग कर उनके बड़े होने तक सार-संभाल सहित सम्पूर्ण जिम्मेदारी तय करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 1 से 5 तक प्रति छात्र से 1 पौधा, कक्षा 6 से 12 तक प्रति छात्र से 5 पौधों का रोपण कर उसकी देखभाल सुनिश्चित की जावें। उन्होंने विकास अधिकारियों को ग्राम स्तर पर चार दिवारी वाले परिसरों, तालाब की पाल, गोचर एवं ओरण भूमियों को चिन्हित कर सघन वृक्षारोपण किये जाने की बात कही।

वृक्षारोपण महाभियान के लिए विभागवार लक्ष्यों का आवंटन किया गया हैं जिसमें एमजीनरेगा के तहत लगभग 4.22 लाख पौधें व वन विभाग द्वारा 9.85 लाख पौधे सहित जिले में लगभग 18 लाख पौधे लगाएं जाएंगे जिसके संबंध में शिक्षा व पंचायतीराज मंत्री श्री मदन दिलावर ने विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को जन सहभागिता के साथ महाभियान के रूप में सघन वृक्षारोपण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, श्रवण सिंह राव, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक श्रीराम गोदारा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी माध्यमिक मोहनलाल परिहार, जालोर विकास अधिकारी प्रदीप मायला सहित पंचायतीराज व शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर व राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने समग्र शिक्षा के अतिरिक्त जिला परियोजना कार्यालय परिसर में "एक पेड़ देश के नाम" अभियान के तहत नीम के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान श्रवण सिंह, मंजू सोलंकी, जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक श्रीराम गोदारा सहित विभागीय अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

# गीता आश्रम शक्ति केंद्र पर मन की बात सुनी

**जैसलमेर, ( नि.सं. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार चुनाव जीतने के बाद पहली मन की बात के 111 वे एपिसोड में जनता को संबोधित करते हुवे कहा की इतिविरा पुनर्मिलनाय यानी में विदा लेता हू और फिर मिलता हू और इसी कड़ी में फिर मैं आप लोगो के बीच हूं। मोदी ने सभी को अपनी माँ के नाम एक पेड़ लगाने की अपील की साथ ही केरल संस्कृति, पेरिस ओलंपिक व लोकल उत्पादन के साथ आदिवासियो के हूल दिवस की भी चर्चा की।

मन की बात कार्यक्रम के ज़िला सयोजक एव ज़िला मंत्री महेंद्र तंवर ने बताया की ज़िले के सभी मंडलो के शक्ति केंद्रों पर यह कार्यक्रम सुना गया। रविवार को शहर के गीता आश्रम शक्ति केंद्र पर भाजपा ज़िलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शारदा के साथ विधायक छोटूसिंह भाटी, ज़िला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, नगरपरिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला, ज़िला उपाध्यक्ष हिम्मताराम चौधरी, ज़िला महामंत्री सवाईसिंह गोगली व सुशीलकुमार व्यास, ज़िला मीडिया प्रभारी बाबूलाल शर्मा, नगर अध्यक्ष अरुण पुरोहित, संभाग मीडिया सह सयोजक जुगल बोहरा, प्रदेश सोसल मीडिया सदस्य नरेंद्र व्यास, ज़िला सोसल मीडिया सयोजक आकाश ओझा, पार्षद देवीसिंह चौहान, गजेंद्रसिंह सोलंकी, जितेंद्र भूतड़ा, नेमदान चारण, देवकिसन चारण, कमलसिंह चौहान, मनोज भाटिया, दीनदयाल माली नवल चौहान आदि ने कार्यक्रम के सीधे लाइव प्रसारण को साथ साथ देखा व सुना।

मन की बात के 111 वे एपिसोड को सुनते हुए भाजपा ज़िलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शारदा के साथ विधायक छोटूसिंह भाटी, ज़िला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, नगरपरिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला, ज़िला उपाध्यक्ष हिम्मताराम चौधरी, ज़िला महामंत्री सवाईसिंह गोगली व सुशीलकुमार व्यास, ज़िला मीडिया प्रभारी बाबूलाल शर्मा, नगर अध्यक्ष अरुण पुरोहित, प्रदेश सोसल मीडिया सदस्य नरेंद्र व्यास आदि मौजूउ रहे।